Title: *hNeed to declare State highway between Lipu lake and Gwalior as National Highway.

श्री चन्द्र भूाण सिंह (फरूखाबाद) : अध्यक्ष महोद्य, ग्वालियर एवं लिपु लेक के मध्य लगभग 700 कि.मी. लम्बा एक महत्वपूर्ण राजमार्ग है। यह मार्ग इटावा, फरूखाबाद, बरेली, हल्द्वानी रानीखेत, अल्मोड़ा एवं कौसानी से होकर गुजरता है।

राट्र हित के दृटिकोण से उक्त राजकीय राजमार्ग का राट्रीय राजमार्ग में परिवर्तन एवं विकसित होना निम्न दो महत्वपूर्ण कारणों से अति आवश्यक है :

1. ग्वालियर एवं लिपु लेक के बीच कई महत्वपूर्ण सैनिक छावनियां है, जैसे - झांसी, आर.आर.सी. (फरूखाबाद), डिवीजनल सेन्टर बरेली इत्यादि। चूंकि यह मार्ग भारत-चीन सीमा तक जाता है, इसलिए सैनिकों तथा रक्षा सामग्रियों के शीघ्र एवं सरल आवागमन के लिये इस मार्ग का विकसित होना उचित है।

2. ग्वालियर और लिपु लेक के बीच कई ऐसे स्थान पड़ते हैं जो कि पर्यटन के दृटिकोण से बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस मार्ग में पड़ने वाले कई हिल स्टेशन देश-विदेश से भारी संख्या में पर्यटकों को पूरे वर्ा आकर्ाित करते रहते हैं, परन्तु इस मार्ग की दयनीय हालत के कारण पर्यटकों का आवागमन बाधित होता है।

अत: मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि देश हित में उक्त 700 कि.मी. लम्बे राजकीय राजमार्ग (ग्वालियर-लिपुलेक) को राट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान किया जाए।